तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, मंगलवार 23 जून 2026




योग मनुष्य के स्वस्थ, सकारात्मक जीवन जीने का साधन



## खबर संक्षेप

### नकली शराब कांड के फरार आरोपी पर इनाम घोषित

**रायगढ़।** हाल ही में उजागर हुए नकली शराब के बड़े कारोबार में फरार चल रहे आरोपी विनय सिंह ठाकुर की गिरफ्तारी के लिए रायगढ़ पुलिस ने 10 हजार नकद इनाम की घोषणा की है। एसएसपी शशि मोहन सिंह ने आरोपी के संबंध में सूचना देने या उसकी गिरफ्तारी में सहयोग करने वाले व्यक्ति को पुरस्कार देने की घोषणा करते हुए कहा है कि उसकी पहचान पूरी तरह गोपनीय रखी जाएगी।

### एथेनॉल प्लांट पर विवाद जल संकट की आशंका

**रायगढ़।** जिले में प्रस्तावित एथेनॉल उद्योगों को लेकर एक बार फिर विवाद गहराता नजर आ रहा है। सामाजिक संगठन रायगढ़ बचाओ लड़ेंगे रायगढ़ ने नवदुर्गा फ्यूल्स प्राइवेट लिमिटेड सरायपाली घरघोड़ा में स्थापित किए जा रहे एथेनॉल प्लांट को बरती जा रही अनियमितता को लेकर लेकर कलेक्टर से शिकायत की है। संगठन ने मुख्य सचिव को कलेक्टर के माध्यम से ज्ञापन सौंपकर परियोजना की जांच तथा स्वीकृतियों को निरस्त करने की मांग की है। संगठन के प्रतिनिधियों अनिल अग्रवाल, विनय शुक्ला, वासुदेव शर्मा व राजेश त्रिपाठी, सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि पर्यावरण विभाग ने बिना पर्याप्त परीक्षण के उद्योग को अनुमति प्रदान कर दी है। शिकायत पत्र में दावा किया गया है कि नवदुर्गा फ्यूल्स की परियोजना रिपोर्ट के अनुसार 100 किलो लीटर प्रतिदिन एथेनॉल उत्पादन के लिए प्रतिदिन 571 केएल पानी की आवश्यकता बताई गई है।

### उधारी के पैसे मांगने पर हमला, पांच गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** पामगढ़ थाना क्षेत्र में ग्राम भैसों में उधारी के पैसे मांगने को लेकर हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। दुकान संचालक के साथ मारपीट करने और उसके घर में घुसकर धमकी देने के मामले में पुलिस ने पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम भैंसो निवासी मुकेश लहरे ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 14 जून की सुबह चंडीपारा निवासी आकाश जायसवाल उर्फ आगा अपने साथियों के साथ उसकी दुकान पर पहुंचा। आरोप है कि उसने पांच पैकेट सिगरेट और दस नग राजश्री लेने के बाद भुगतान नहीं किया। पैसे मांगने पर आरोपियों ने गाली-गलौज की और विवाद शुरू कर दिया। इस दौरान मुकेश ने घटना का वीडियो बना लिया तथा मारपीट की गई। पुलिस ने इस मामले में आकाश जायसवाल 28 वर्ष, विकास यादव 21 वर्ष, विशाल मरकाम उर्फ रिंकू सिदार 26 वर्ष, सूरज कश्यप उर्फ गोलू 23 वर्ष तथा संजय कश्यप 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

# कुपोषण भगाएगा मुनगा, आंगनबाड़ी और हितग्राहियों के घरों में लगेंगे पेड़

## महिला बाल विकास मंत्री ने महापौर, पार्षद, सरपंच- सचिव को लिखी पाती

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

यदि आप आंगनबाड़ी के हितग्राही हैं तो आपको अपने घर में मुनगा का पेड़ लगाना पड़ेगा। ऐसा नहीं है कि केवल हितग्राहियों के घरों में ही मुनगा लगाया जाएगा, प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्रों में भी पेड़ लगाना जरुरी है।

दरअसल इसे कुपोषण भगाने के लिए कारगर माना जाता है। ऐसे में मुनगा को सुपोषण वृक्ष का नाम दिया गया है। महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने प्रदेश भर के महापौर, पार्षद, जनपंद पंचायत, ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों को इसके लिए बाकायदा पाती लिखी है। यदि ऐसा हुआ तो जिले में दो लाख से अधिक मुनगा पेड़ इस साल लग सकता है। जिले में दो हजार 709 आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। इन केंद्रों में गर्भवती माताएं और अन्य हितग्राहियों की संख्या भी सैकड़ों में है। ऐसे में हर घर और आंगनबाड़ियों में मुनगा पेड़ लगेगा तो इसकी संख्या भी सैकड़ों में पहुंच सकता है। दरअसल मुनगा के गुणों को देखते हुए अफ्रीकन देशों में इसे मदर्स ट्री का दर्जा दिया गया है। इसमें प्रचुर मात्रा में कैल्शियम और आयरन होती है। इसे शिशुवती और गर्भवती माताओं के लिए अत्यंत लाभकारी मानी जाती है। इसके कारण प्रदेश के सभी आंगनबाड़ियों और वहां के हर हितग्राही के घरों में मुनगा पौधरोपण करने का अभियान चलाया जा रहा है। ग्रामीणों के घरों और उनके खेतों के मेडों में भी मुनगा लगाने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। याने घर-घर मुनगा हर घर मुनगा का संदेश देने की कवायद की जा रही है।


सुपोषण वृक्ष का दिया नाम, घर-घर मुनगा हर घर मुनगा का संदेश

### इसलिए दिया गया मदर्स ट्री का दर्जा

महिला बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने अपने पत्र में इस बात का उल्लेख किया है कि मुनगा के फल, फूल ओर पत्ती में प्रचुर मात्रा में प्रोटीन, विटामिन और पोषक तत्व मिलता है। इसकी महत्ता को देखते हुए अफ्रीकन देशों में इसे मदर्स ट्री का दर्जा दिया गया है। अब प्रदेश में इसका पौधरोपण करने का अभियान चलाया जाएगा। इसमें महिला बाल विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी कितनी सहभागिता निभाते हैं यह तो बाद में पता चलेगा।

### 64 किलो कैलोरी मिलता है

मुनगा की 100 ग्राम मात्रा का सेवन से हर दिन की जरुरत का 64 किलो कैलोरी उर्जा, 1.4 ग्राम वसा, 9 मिग्रा सोडियम, 8.3 ग्राम कार्बोहाइड्रेट, 9.4 ग्राम प्रोटीन, विटामिन ए 151 और विटामिन सी 86 फीसदी के साथ कैल्शियम 18 प्रतिशत और आयरन 22 फीसदी मात्रा की पूर्ति होती है। इसका उल्लेख महिला बाल विकास मंत्री ने जनप्रतिनिधियों को लिखी पाती में की है। बारिश शुरु होने के बाद मुनगा लगाने का अभियान चालू होगा।

## शहरी सेवाओं में बढ़ेगी जवाबदेही, अधिकारियों के लिए तय किया गया टारगेट

# नगर निगम की 24 सेवाओं के लिए समय सीमा तय, 30 दिन, 24 घंटे होगा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को अब नगर निगम, नगर पालिका और नगर पंचायतों के चक्कर लगाने से राहत मिल सकती है। शासन ने नागरिकों को समयबद्ध सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभिन्न नगरीय सेवाओं के लिए निर्धारित समय-सीमा तय कर दी है। नई व्यवस्था के तहत शिकायतों और आवेदनों का निपटारा 24 घंटे से लेकर अधिकतम 30 दिनों के भीतर करना अनिवार्य होगा।

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार छत्तीसगढ़ लोक सेवा गारंटी अधिनियम, 2011 के तहत 24 महत्वपूर्ण नागरिक सेवाओं को शामिल किया गया है। विभाग का कहना है कि इससे आम लोगों को रोजमर्रा की समस्याओं के समाधान के लिए अनावश्यक भटकना नहीं पड़ेगा और जवाबदेही भी सुनिश्चित होगी। नई व्यवस्था के तहत वार्डों में खराब हैंडपंप और ट्यूबवेलों की मरम्मत शिकायत मिलने के 24 घंटे के भीतर करनी होगी। वहीं सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर घूमने वाले आवारा पशुओं को हटाने की कार्रवाई भी एक दिन के भीतर पूरी की जाएगी। आवारा कुत्तों के नियंत्रण और प्रबंधन से जुड़े मामलों का निपटारा तीन कार्य दिवस में किया जाएगा। इसके अलावा घरों तक पहुंच रहे पेयजल की गुणवत्ता की जांच कर उसकी रिपोर्ट सात दिनों के भीतर उपलब्ध करानी होगी। सीवर लाइन जाम होने, सेप्टिक टैंक की सफाई और बिजली से संबंधित अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) जारी करने जैसे कार्यों के लिए सात कार्य दिवस की समय-सीमा निर्धारित की गई है। वहीं स्ट्रीट लाइट मरम्मत, खुले मैनहोल को ढंकने और अन्य रखरखाव संबंधी कार्यों को 15 दिनों के भीतर पूरा करना होगा। नगर निगम क्षेत्रों में आयुक्त या अधिकृत अधिकारी सेवाओं के लिए उत्तरदायी होंगे, जबकि नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) जिम्मेदारी निभाएंगे।



### कॉलोनी विकास और लाइसेंस के लिए भी तय समय

कॉलोनी लेआउट स्वीकृति, आंतरिक विकास अनुमति की अवधि बढ़ाने जैसे मामलों का निराकरण 15 दिनों में किया जाएगा। वहीं विज्ञापन लाइसेंस, सड़क काटने की अनुमति, बूचड़खाना संचालन की अनुमति और अन्य लाइसेंस संबंधी मामलों के लिए अधिकतम 30 दिन की समय-सीमा तय की गई है। भवनों के पुनर्निर्माण, संशोधन अथवा ध्वस्तीकरण की अनुमति, संपत्ति के विक्रय अथवा लीज डीड तैयार करने, संपत्तिकर से जुड़े मामलों तथा संपत्ति के विभाजन और एकीकरण जैसी प्रक्रियाओं का निपटारा भी 30 दिनों के भीतर करना होगा।

### अधिकारियों की जवाबदेही भी तय

सरकार ने केवल समय-सीमा तय करने तक ही सीमित नहीं रखा है, बल्कि प्रत्येक सेवा के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को भी चिन्हित किया है। नगर निगम क्षेत्रों में आयुक्त या अधिकृत अधिकारी सेवाओं के लिए उत्तरदायी होंगे, जबकि नगर पालिका और नगर पंचायत क्षेत्रों में मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) जिम्मेदारी निभाएंगे। यदि निर्धारित समय में कार्य नहीं होता है तो नागरिकों को अपील का अधिकार भी दिया गया है। नगर निगम क्षेत्रों में कलेक्टर अथवा निगम आयुक्त के समक्ष तथा नगर पालिका एवं नगर पंचायत क्षेत्रों में एसडीएम के समक्ष अपील की जा सकेगी।

| कार्य | समय-सीमा |
| --- | --- |
| हैंडपंप/ट्यूबवेल सुधार | 24 घंटे |
| आवारा पशु हटाना | 24 घंटे |
| आवारा कुत्तों का प्रबंधन | 3 कार्य दिवस |
| पेयजल जांच रिपोर्ट | 7 दिन |
| बिजली एनओसी | 7 कार्य दिवस |
| सीवर जाम व सेप्टिक टैंक सफाई | 7 कार्य दिवस |
| कॉलोनी लेआउट/विकास अनुमति विस्तार | 15 दिन |
| स्ट्रीट लाइट मरम्मत | 15 दिन |
| खुले मैनहोल ढंकना | 15 दिन |
| पार्क रखरखाव | 30 दिन |
| लाइसेंस व सड़क काटने की अनुमति | 30 दिन |
| भवन निर्माण/तोड़ने की अनुमति | 30 दिन |
| सेल डीड, लीज डीड व संपत्ति संबंधी कार्य | 30 दिन |

### पुलिस ने तस्करों के चंगुल से छुड़ाए 14 गौवंश दो आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** धरमजयगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 14 गौवंशों को तस्करों के चंगुल से मुक्त कराया है। पुलिस ने इस मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार 20 जून को थाना धरमजयगढ़ को सूचना मिली थी कि ग्राम भंडारीमुड़ा के पास कुछ लोग गौवंशों को क्रूरतापूर्वक हांकते हुए बूचड़खाने में बिक्री के लिए ले जा रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी निरीक्षक राजेश जांगड़े के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। कार्रवाई के दौरान पुलिस ने 07 जोड़ी कुल 14 बैलों को चरखापारा की ओर ले जाते हुए दो व्यक्तियों को पकड़ा। पूछताछ में आरोपियों ने अपना नाम सियाराम राठिया 50 वर्ष एवं बलराम उरांव 45 वर्ष निवासी धौराभांठा क्षेत्र बताया। मवेशियों के परिवहन और स्वामित्व संबंधी दस्तावेज मांगने पर दोनों कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सके। जांच के दौरान यह तथ्य सामने आया कि गौवंशों को बूचड़खाने में बिक्री के लिए ले जाया जा रहा था। इसके बाद पुलिस ने 14 बैलों को जब्त कर पशु चिकित्सक से उनका स्वास्थ्य परीक्षण कराया। मामले में आरोपियों के खिलाफ छत्तीसगढ़ कृषिक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 तथा पशुओं के प्रति क्रूरता निवारण अधिनियम 1960 की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया।

## सीमांकन पर बढ़ा विवाद, आपत्तिकर्ता ने की कार्रवाई निरस्त करने की मांग

**रायगढ़।** ग्राम विजयपुर स्थित खसरा नंबर 21/4 रकबा 0.405 हेक्टेयर भूमि के सीमांकन को लेकर विवाद चर्चा में आ गया है। भूमि पर कब्जा और स्वामित्व का दावा करने वाले पक्ष ने तहसील न्यायालय में विस्तृत आपत्ति प्रस्तुत करते हुए 4 जून 2026 को की गई सीमांकन कार्रवाई को निरस्त करने की मांग की है। आपत्तिकर्ता श्रीमती लक्ष्मीश्वरी सिंह दाऊ का कहना है कि उक्त भूमि पर उनके परिवार का वर्षों से कब्जा है और वर्ष 2018 में हुए सीमांकन के दौरान भी उनके पिता स्वर्गीय प्रहलाद सिंह दाऊ का कब्जा दर्ज किया गया था। उनके अनुसार तत्कालीन भूमि विक्रेता तालकेश्वर सिंह द्वारा दायर बेदखली प्रकरण भी सीमांकन प्रतिवेदन के आधार पर निरस्त हो चुका है। आपत्ति में यह भी दावा किया गया है कि मूल भूमि स्वामिनी तीजकुंवर बाई ने वर्ष 1961 में तालकेश्वर सिंह के पक्ष में कोई वैध विक्रय पत्र निष्पादित नहीं किया था और प्रस्तुत दस्तावेजों में दर्ज हस्ताक्षरों की सत्यता संदिग्ध है। श्रीमती लक्ष्मीश्वरी ने आरोप लगाया है कि उनकी ओर से 1 जनवरी 2026 को प्रस्तुत आपत्ति का निराकरण किए बिना ही सीमांकन की कार्रवाई कर दी गई। साथ ही राजस्व अभिलेखों में नाम दर्ज कराने और नक्शा बंटाकन की प्रक्रिया में भी अनियमितता बरते जाने का आरोप लगाया गया है। मामले में याचिकाकर्ता द्वारा छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट में भी याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट ने 11 मई 2026 को तहसीलदार को लंबित सीमांकन आवेदन का 45 दिनों के भीतर विधि अनुसार निराकरण करने का निर्देश दिया था।

# रायगढ़ करेगा विकास के नए आयाम स्थापित : वित्त मंत्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

प्रदेश के वित्त मंत्री एवं रायगढ़ विधायक ओपी चौधरी ने सोमवार सुबह नगर निगम क्षेत्र में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उन्होंने शहर के बहुप्रतीक्षित मरीन ड्राइव, नए अंतर्राज्यीय बस स्टैंड आईएसबीटी एफसीआई ऑक्सीजोन, मिट्ठूमुड़ा तालाब, किसान राइस मिल ऑक्सीजोन और कयाघाट पुल सहित अनेक महत्वपूर्ण परियोजनाओं का स्थल पर पहुंचकर अवलोकन किया।

इस दौरान उन्होंने संबंधित विभागीय अधिकारियों को सभी कार्यों में उच्च गुणवत्ता बनाए रखने तथा निर्धारित समय.सीमा के भीतर निर्माण पूर्ण करने के स्पष्ट निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नगर निगम महापौर जीवर्धन चौहान, कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी उपस्थित रहे। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने नगर निगम क्षेत्र में संचालित सभी विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए कहा कि रायगढ़ को प्रदेश के सबसे आधुनिक, व्यवस्थित और सुविधा संपन्न शहरों में शामिल करना उनका संकल्प है। उन्होंने कहा कि सड़क, परिवहन, पर्यावरण, जल संरक्षण और शहरी सुविधाओं से जुड़े इन प्रोजेक्ट्स के पूरा होने के बाद रायगढ़ विकास के नए आयाम स्थापित करेगा और प्रदेश के लिए एक मॉडल शहर के रूप में उभरेगा। वित्त मंत्री ने प्रगति नगर स्थित निर्माणाधीन मरीन ड्राइव का निरीक्षण किया। उन्होंने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और प्रगति की विस्तृत जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने समय पर मुख्य बॉक्स कल्वर्ट और डायवर्सन निर्माण कार्य पूरा होने पर संतोष व्यक्त करते हुए संबंधित एजेंसियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि मरीन ड्राइव केवल एक सड़क परियोजना नहीं बल्कि रायगढ़ की नई पहचान बनने जा रही है। इससे शहर का सौंदर्य बढ़ेगा, यातायात व्यवस्था बेहतर होगी और नागरिकों को एक आकर्षक सार्वजनिक स्थल भी मिलेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आगामी नवंबर माह तक परियोजना को हर हाल में पूर्ण किया जाए ताकि शहरवासियों को जल्द इसका लाभ मिल सके। शहर के बहुप्रतीक्षित अंतर्राज्यीय बस स्टैंड आईएसबीटी का निरीक्षण करते हुए वित्त मंत्री श्री चौधरी ने इसे रायगढ़ के भविष्य की परिवहन व्यवस्था का महत्वपूर्ण केंद्र बताया। उन्होंने कहा कि बस स्टैंड का निर्माण केवल वर्तमान जरूरतों को नहीं बल्कि आगामी 40 वर्षों की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। आईएसबीटी परिसर में एक समय में 30 बसों के संचालन की सुविधा होगी, जबकि अतिरिक्त 40 बसों के लिए भी पर्याप्त पार्किंग और स्पेस आरक्षित रखा गया है। बसों की मरम्मत और रख.रखाव के लिए अलग वर्कशॉप क्षेत्र विकसित किया जा रहा है। यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक प्रतीक्षालय बनाया जा रहा हैए जहां एक साथ लगभग 550 लोग बैठ सकेंगे। वित्त मंत्री ने कहा कि यह बस स्टैंड रायगढ़ को प्रदेश और देश के अन्य शहरों से बेहतर कनेक्टिविटी प्रदान करेगा तथा यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराएगा।



## रायगढ़ 243 व सारंगढ़ जिले में 131 महिलाओं के नाम दर्ज हुए विक्रय विलेख

# महिलाओं के नाम 374 रजिस्ट्रियां, संपत्ति में मिल रहा हक

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

महिलाओं के नाम संपत्ति पंजीयन को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार द्वारा दी गई रियायतों का असर अब जमीन और मकानों की रजिस्ट्री के आंकड़ों में भी दिखाई देने लगा है। जिला पंजीयक कार्यालय रायगढ़ द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार मई 2026 के दौरान रायगढ़ और सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के विभिन्न उप पंजीयक कार्यालयों में महिलाओं के पक्ष में कुल 374 रजिस्ट्रियां दर्ज की गई। शासन द्वारा महिलाओं के नाम संपत्ति पंजीयन पर 50 प्रतिशत शुल्क छूट दिए जाने के बाद महिलाओं के नाम संपत्ति खरीदने की प्रवृत्ति में बढ़ोतरी देखी जा रही है। पंजीयक कार्यालय के आंकड़ों के अनुसार रायगढ़ जिले के 5 उप पंजीयक कार्यालयों में मई 2026 के दौरान महिलाओं के पक्ष में कुल 243 विक्रय विलेख दर्ज किए गए, जबकि मई 2025 में यह संख्या 190 थी। इस प्रकार एक वर्ष में 53 रजिस्ट्रियों की वृद्धि दर्ज की गई। सबसे अधिक 119 विक्रय विलेख उप पंजीयक कार्यालय रायगढ़ में दर्ज किए गए। इसके अलावा खरसिया में 46, घरघोड़ा में 23, धरमजयगढ़ में 21 तथा पुसौर में 34 विक्रय विलेख महिलाओं के पक्ष में निष्पादित किए गए। वहीं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के आंकड़ों पर नजर डालें तो मई 2026 में सारंगढ़ उप पंजीयक कार्यालय में 110 तथा सरिया में 21 विक्रय विलेख महिलाओं के पक्ष में दर्ज किए गए। दोनों कार्यालयों को मिलाकर कुल 131 रजिस्ट्रियां महिलाओं के नाम हुईं। अधिकारियों की मानें तो महिलाओं के नाम संपत्ति पंजीयन को प्रोत्साहित करने वाली सरकारी नीतियों से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी और संपत्ति पर अधिकार मजबूत होगा।



बीते साल की तुलना में इस वर्ष महिलाओं के नाम पर रजिस्ट्रियों की संख्या में इजाफा देखने को मिला है। रायगढ़ जिले में मई 2026 की स्थिति में 243 और सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले में 131 रजिस्ट्रियां दर्ज की गई है।
**दीपक मंडावी**
जिला पंजीयक, रायगढ़

### फैक्ट फाइल

| | |
| --- | --- |
| रायगढ़ जिला मई | 2026 : 243 रजिस्ट्री |
| रायगढ़ जिला मई | 2025 : 190 रजिस्ट्री |
| वृद्धि : 53 विलेख | |

### उप पंजीयक कार्यालयवार आंकड़े मई 2026

| | | सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला मई 2026 |
| --- | --- | --- |
| रायगढ़ – | 119 | |
| खरसिया – | 46 | सारंगढ़ – 110 |
| घरघोड़ा – | 23 | सरिया – 21 |
| धरमजयगढ़ – | 21 | कुल – 131 |
| पुसौर – | 34 | |

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड़ , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### जन्म-मृत्यु पंजीकरण में अपील की सुविधा

**जशपुरनगर।** जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय जशपुर द्वारा जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण से जुड़े मामलों में आम नागरिकों के लिए महत्वपूर्ण सूचना जारी की गई है। जानकारी के अनुसार यदि किसी व्यक्ति को जन्म-मृत्यु पंजीकरण प्रकरण में संबंधित रजिस्ट्रार द्वारा पारित आदेश से असंतोष है, तो वह नियमानुसार जिला रजिस्ट्रार के समक्ष अपील प्रस्तुत कर सकता है। इसी तरह जिला रजिस्ट्रार के आदेश से असंतुष्ट होने पर व्यक्ति को मुख्य रजिस्ट्रार, छत्तीसगढ़ तथा संचालक, आर्थिक एवं सांख्यिकी संचालनालय, रायपुर के समक्ष अपील करने का अधिकार होगा। यह व्यवस्था जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण संबंधी प्रावधानों के अंतर्गत उपलब्ध है। कार्यालय ने बताया कि अपील प्रस्तुत करते समय संबंधित आदेश की प्रति, आवश्यक अभिलेख तथा अपना पक्ष स्पष्ट रूप से संलग्न करना अनिवार्य होगा, जिससे प्रकरण का परीक्षण कर नियमानुसार निर्णय लिया जा सके।

### प्रवेश परीक्षा 28 को, 411 परीक्षार्थी होंगे शामिल

**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी चयन मंडल, नवा रायपुर द्वारा पीएटी-पीवीपीटी प्रवेश परीक्षा का आयोजन 28 जून को किया जाएगा। परीक्षा पूर्वाह्न 10 से 1.15 बजे तक आयोजित होगी। जिले में 2 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें शास.रा.भ.रा.एन.ई.एस.स्नातकोत्तर महाविद्यालय एवं शास. विजय भूषण सिंह देव कन्या महाविद्यालय शामिल हैं। दोनों केन्द्रों में कुल 411 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु श्री समीर बड़ा डिप्टी कलेक्टर, जशपुर को नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।कर्मचारी चयन मंडल द्वारा परीक्षार्थियों के लिए जारी मुख्य निर्देश परीक्षार्थी परीक्षा के एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्र का अवलोकन कर लें, परीक्षा प्रारंभ होने के कम से कम 2 घंटा पूर्व परीक्षा केन्द्र में पहुंचे, ताकि उनका फ्रिस्किंग एवं फोटो युक्त मूल पहचान पत्र से सत्यापन किया जा सके, परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पूर्व मुख्य द्वार बंद कर दिया जाएगा।

### छड़ काटने को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या

**अंबिकापुर।** मामूल विवाद पर युवक की हत्या किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने जांच उपरान्त हत्या के आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम नवगई निवासी 25 वर्षीय गुलशन दास आ. घुरन दास ने पुलिस के पास शिकायत दर्ज कराई थी कि उसका छोटा भाई मौसम दास की शादी चार साला पहले ग्राम पम्पापुर खुटनपपारा में हुई थी। शादी के बाद मौसम दास ससुराल में घर जमाई बनकर रहता था। 20 जून को सुबह 11.30 बजे रोशन दास ने उसे फोन कर जानकारी दी कि पडोस में रहने वाले लिलाम सिंह ने छड़ काटने को लेकर विवाद में लकड़ी के हरीशा से मार दिया जिससे सिर पर चोट लगने के कारण मौसम दास बेहोश हो गया। युवक को उपचार के लिए परिजन द्वारा अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसकी मौत हो गई। मामले में एसएसपी राजेश अग्रवाल ने जांच व कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

### जिला न्यायालय परिसर में मना योग दिवस

**जशपुरनगर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस जिला न्यायालय परिसर में योग कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता आरपी पाण्डेय एवं अधिवक्ता जीपी रवानी द्वारा विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम कराए गए। योग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सत्येंद्र कुमार साहू ने कहा कि योग शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभ प्रदान करने वाला है। उन्होंने बताया कि योग स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने का प्रभावी माध्यम है तथा नियमित योगाभ्यास से तनावमुक्त एवं स्वस्थ जीवन व्यतीत किया जा सकता है। इस अवसर पर उपस्थित सभी लोगों को दैनिक जीवन में योग अपनाने तथा स्वस्थ जीवनशैली के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का समापन सामूहिक योगाभ्यास एवं स्वस्थ जीवन के संकल्प के साथ हुआ। कार्यक्रम में जनार्दन खरे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश एफटीसी जशपुर, श्रीमती सरोजनी जनार्दन खरे, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश जशपुर सहित न्यायालय के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# मॉडिफाइ साइलेंसर ओर प्रेशर हार्न से परेशानी, पुलिस नहीं कर पा रही है कंट्रोल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला




नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न और तेज रफ्तार से वाहन चलाने की बढ़ती प्रवृत्ति लोगों के लिए चिंता का विषय बनती जा रही है। एक ओर जहां इन वाहनों से निकलने वाली तेज आवाजें ध्वनि प्रदूषण को बढ़ा रही हैंए वहीं दूसरी ओर तेज गति से वाहन चलाने की आदत सड़क सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन रही है। नगर के मुख्य मार्गों, बाजार क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों पर ऐसे वाहनों की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है, जिससे आम नागरिकों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि दिन के साथ साथ शाम और रात के समय भी कई वाहन चालक जानबूझकर तेज आवाज करने वाले साइलेंसर और हॉर्न का उपयोग करते हैं। कई बार रिहायशी क्षेत्रों से गुजरते समय भी अत्यधिक शोर किया जाता है, जिससे बुजुर्गों, छोटे बच्चों, विद्यार्थियों और मरीजों को असुविधा होती है। अस्पताल, स्कूल और कोचिंग संस्थानों के आसपास भी इस प्रकार की गतिविधियां देखने को मिलती हैं, जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है।

### 18 से 25 वर्ष के युवाओं में बढ़ रहा आकर्षण

स्थानीय नागरिकों के अनुसार इस प्रवृत्ति में मुख्य रूप से 18 से 25 वर्ष आयु वर्ग के युवाओं की संख्या अधिक दिखाई देती है। कई युवा अपने वाहनों को अलग और आकर्षक दिखाने के लिए साइलेंसर में बदलाव करवाते हैं तथा तेज ध्वनि वाले हॉर्न लगवाते हैं। कुछ युवाओं के लिए यह शौक और स्टेटस सिंबल का रूप ले चुका हैए जबकि इसके सामाजिक और कानूनी परिणामों की ओर अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जाता। लोगों का कहना है कि वाहन चलाने के दौरान कई युवक जानबूझकर तेज आवाज निकालते हुए बाजार और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों से गुजरते हैं। इससे न केवल ध्वनि प्रदूषण बढ़ता है बल्कि अन्य वाहन चालकों और राहगीरों का ध्यान भी भंग होता है जिससे दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।

### क्या कहते हैं थाना प्रभारी

माडिफाइड साइलेंसर और अवैध हॉर्न लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जा रही है। आने वाले दिनों में और अधिक सघन एवं विशेष अभियान चलाकर ऐसे वाहनों की जांच की जाएगी तथा नियमों का उल्लंघन करने वालों पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

**एके बैक,** थाना प्रभारी,बरमकेला

---

### गिरौदपुरी में तीर्थयात्रियों की सुविधा के लिए बनाए जा रहे शेड निर्माण कार्यों की समीक्षा

# सीएम के नेतृत्व में दो सालों में अनुसूचित जाति समाज के विकास को मिली नई गतिः डा. सनम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलाईगढ़



भाजपा अनु जाती मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष एवं मेला समिति के सदस्य डॉ.सनम जांगड़े रविवार को बाबा गुरु घासीदास की जन्मभूमि एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में मत्था टेका। उन्होंने गुरुगद्दी पर आशीर्वाद प्राप्त कर राज्य की खुशहाली और समृद्धि की कामना की। इस दौरान संत शिरोमणि बाबा गुरु घासीदास के मनखे मनखे एक समान के संदेश को याद करते हुए भावपूर्ण तरीके से पूजा अर्चना की।

डॉ. सनम जांगड़े ने कहा बाबा गुरू घासीदास के मनखे. मनखे एक समान का सन्देश, मानव को मानव से जोड़ने वाला और सद्भाव व समरसता बढ़ाने वाला है। बाबा गुरु घासीदास जी के बताए मार्ग पर हमारी सरकार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार के द्वारा गिरौदपुरी का सतत विकास किया जा रहा है। विशाल जैतखाम निर्माण से लेकर अनेक सुविधाओं का विस्तार यहां किया गया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में बीते दो वर्षों में अनुसूचित जाति समाज के विकास को नई गति मिली है।

गिरौदपुरी धाम के सर्वांगीण विकास के अंतर्गत जैतखाम, मंदिर परिसर, अमृत कुंड, छाता पहाड़ तक सड़क, सीढ़ियों एवं प्रकाश व्यवस्था जैसे अनेक महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण किए गए हैं। गिरौदपुरी धाम में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए स्थायी छायादार शेड का निर्माण कार्य किया जा रहा है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की घोषणा के बाद, गिरौदपुरी धाम में दर्शन करने आने वाले श्रद्धालुओं को धूप और बारिश से बचाने के लिए 3 करोड़ रुपए की राशि से छायादार शेड निर्माण कार्य की स्वीकृति दी गई है। यह स्थायी शेड मेला परिसर के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर मुख्य मंदिर गुरू गद्दी तक बनाया जा रहा है, ताकि लंबी कतारों में खड़े भक्तों को आसानी हो। मुख्य प्रवेश द्वार से मुख्य मंदिर तक करीब 1200 मीटर की दूरी तक स्थाई शेड निर्माण किया जा रहा है। तथा अन्य विकास कार्यों के लिए 2 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त भंडारपुरी धाम के विकास के लिए 17 करोड़ 11 लाख 22 हजार की राशि स्वीकृत की गई है। शिक्षा के क्षेत्र में अनुसूचित जाति समाज के उत्थान के लिए प्रत्येक वर्ष पांच प्रतिभावान युवाओं को पायलट प्रशिक्षण के लिए 15-15 लाख रुपए की सहायता देने का निर्णय भी लिया गया है। इस मौके पर सतनामी समाज के दुर्गा महेश्वर पूर्व जिला अध्यक्ष प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज, राम कुमार मिरी सदस्य मेला समिति, नरोत्तम बघेल पूर्व जिला अध्यक्ष सतनामी उत्थान एवं जागृति समिति बलौदाबाजार, डॉ. मोहन बांधे, हितेश रात्रे, सतीश रात्रे भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश सह मीडिया प्रभारी, नगर पंचायत पवनी पार्षद करण साहू, चरण दास तेहरवंश, गोविंद घृतलहरे, कुंजराम कोसले जिला अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ प्रगतिशील छग सतनामी समाज, लता सोनवानी अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ प्रगतिशील छग सतनामी समाज, अजय कुमार सांडे कार्यकरणी सदस्य प्रगतिशील छग सतनामी समाज युवा प्रकोष्ठ, सुनीता कोसले ब्लाक अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ प्रगतिशील छग सतनामी समाज, राजेन्द्र निराला, लक्ष्मीकांत टंडन, जयसन कोसले, मिथलेश बर्मन, प्रदीप कुर्रे, कमलेश कुर्रे, रमेश बंजारे, महेन्द्र सिंह बारले एवं गिरौदपुरी धाम के सभी वरिष्ठ समाज सेवक व नागरिक गण भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## शीतल षष्टी पर महादेव और माता पार्वती का हुआ दिव्य विवाह



**सरिया।** शीतल षष्टी के अवसर पर नगर में धूमधाम से देवाधिदेव भगवान भोलेनाथ एवं जगत जननी माता पार्वती के दिव्य विवाह का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होकर पुण्य के भागी बने। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिला अंतर्गत तहसील मुख्यालय सरिया सरहदी प्रांत उड़ीसा से लगा हुआ है। जिसके कारण उड़ीसा के बरपाली एवं संबलपुर की प्रसिद्ध शीतल षष्टी महोत्सव का आयोजन सरिया में भी विगत 43 वर्षों से की जा रही है।

नगर के सोलबंध तालाब स्थित गौरी शंकरए शिव मंदिर का निर्माण 1983 में किया गया था। तब से लेकर अब तक यहां भगवान भोलेनाथ एवं माता पार्वती की दिव्य अनुष्ठान शीतल षष्टी प्रति वर्ष धूमधाम से मनाया जाता है। इस वर्ष भी यह आयोजन श्रद्धाए भक्ति, आस्था, विश्वास के साथ मनाया गया। इस बार भी नगर के राजीव नगर कीर्तन मंडली के द्वारा मां पार्वती को अपने यहां विराजमान कर कन्या पक्ष की जिम्मेदारी नहीं भाई तथा हनुमान मंदिर कीर्तन समिति के द्वारा भगवान भोलेनाथ की बारात लेकर राजीव नगर पहुंचे जहां विधि विधान के साथ विवाह संपन्न हुआ। भगवान की विवाह संपन्न होने के बाद भोलेनाथ और माता पार्वती की वापसी गौरी शंकर मंदिर सोलबंध तालाब में हुई।

## अदाणी पॉवर लिमिटेड ने शुरू की 24 घंटे एम्बुलेंस सेवा



**रायगढ़।** ग्रामीण क्षेत्रों में आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाओं को और मजबूत बनाने की दिशा में अदाणी पॉवर लिमिटेड रायगढ़ की सीएसआर इकाई अदाणी फाउंडेशन ने 24×7 एम्बुलेंस सेवा की शुरुआत की है। ग्राम छोटे भंडार से शुरू की गई यह सेवा आसपास के गाँवों के लोगों को जरूरत पड़ने पर समय पर चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने में मदद करेगी।

■ 28 गाँवों के 23 हजार 500 से अधिक ग्रामीणों को मिलेगा लाभ

इस पहल से आसपास के 28 गाँवों के 23 हजार 500 से अधिक ग्रामीण सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। किसी भी स्वास्थ्य आपात स्थिति में मरीजों को जल्द अस्पताल पहुँचाने और त्वरित चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से यह सेवा शुरू की गई है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए जल्द ही एक टोल.फ्री नंबर भी जारी किया जाएगा, जिसके माध्यम से लोग आवश्यकता पड़ने पर तुरंत एम्बुलेंस सेवा प्राप्त कर सकेंगे। इस अवसर पर क्षेत्र के लगभग 10 गाँवों के सरपंचों और जनप्रतिनिधियों ने कार्यक्रम में भाग लिया।

ग्राम छोटे भंडार के सरपंच अशोक सिदार, रणभाटा के सरपंच जगनाथ प्रधान, अक्षय प्रधान, पंचानन गुप्ता, धरम सिंह पटेल, बृन्द पटेल, नरेश अग्रवाल, हँसु अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल तथा जनपद सदस्य विजय सिदार सहित कई गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। सभी ने इस पहल का स्वागत करते हुए इसे ग्रामीणों के लिए बेहद उपयोगी बताया। अदाणी पॉवर लिमिटेड रायगढ़ मानता है कि स्वास्थ्य सेवाओं तक समय पर पहुँच सुनिश्चित करना ग्रामीण विकास का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है और यह एम्बुलेंस सेवा उसी दिशा में एक सार्थक प्रयास है। इसे ध्यान में रखते हुए, अदाणी फाउंडेशन पहले से ही क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहा है। वर्तमान में, फाउंडेशन की दो मोबाइल हेल्थकेयर यूनिट्स 41 कोरए परिधीय और रेलवे गाँवों में संचालित की जा रही हैं। इन यूनिट्स के माध्यम से ग्रामीणों को निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच, चिकित्सकीय परामर्श, दवाइयों का वितरण और स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों का लाभ दिया जा रहा है।

### सामूहिक योगाभ्यास का आयोजन



**घरघोड़ा।** आज विश्व योग दिवस के पावन अवसर पर ग्राम ढोरम में सामूहिक योगाभ्यास एवं जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया।इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता, एकल अभियान के सदस्यगण, ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि, विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएँ, बालक बालिकाएँ तथा ग्राम ढोरम के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए एक साथ योगाभ्यास किया। योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि स्वस्थ शरीर, शांत मन और संतुलित जीवन का आधार है। आइएए हम सभी योग को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाकर स्वस्थए निरोग एवं सशक्त भारत के निर्माण में अपना योगदान दें। कार्यक्रम में उपस्थित सभी सम्मानित अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं ग्रामवासियों का हार्दिक आभार।


## साढ़े 4 लाख में निर्मित सामुदायिक शौचालय बन गया शो-पीस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बरमकेला

ग्रामीण क्षेत्रों में स्वच्छता सुविधाओं को सुदृढ़ करने और आम लोगों को बेहतर सार्वजनिक सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शासन द्वारा लाखों खर्च कर सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया है, लेकिन ग्राम पंचायत करनपाली में निर्मित सामुदायिक शौचालय की स्थिति इन प्रयासों की जमीनी हकीकत को उजागर करती नजर आ रही है। लगभग 4 लाख 50 हजार की लागत से निर्मित यह सामुदायिक शौचालय आज तक शुरू नहीं हो पाया है और वर्तमान में उपेक्षा का शिकार बना हुआ है।

स्थल निरीक्षण के दौरान यह देखने को मिला कि शौचालय भवन का निर्माण तो कर दिया गया है, लेकिन यह अब तक पूर्ण रूप से उपयोग योग्य स्थिति में नहीं पहुंच पाया है। जिस सुविधा का लाभ ग्रामीणों को मिलना चाहिए था, वह आज भी बंद पड़ी हुई है। इससे ग्रामीणों में नाराजगी देखी जा रही है। सामुदायिक शौचालय के दोनों कक्षों का निरीक्षण करने पर पाया गया कि वहां शौचालय सीट स्थापित नहीं की गई है। भवन के भीतर कचरा शराब की बोतल ,कोल्ड ड्रिंक की बोतल, और अन्य अवशेष पड़े हुए हैं, जिससे यह स्पष्ट होता है कि लंबे समय से इसका उपयोग नहीं किया गया है। निर्माण के बाद भी आवश्यक कार्य पूरे नहीं होने के कारण यह भवन केवल एक अधूरी सुविधा बनकर रह गया है। ग्रामीणों का कहना है कि लाखों रुपये खर्च होने के बावजूद यदि शौचालय की मूलभूत व्यवस्था ही पूरी नहीं हो सकी है, तो इससे योजना के उद्देश्य पर सवाल खड़े होना स्वाभाविक है।

### अब तक नहीं हो सका चालू, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा फायदा



### झाड़ियों और गंदगी के बीच निर्माण

शौचालय भवन के आसपास का क्षेत्र भी बदहाल स्थिति में दिखाई देता है। परिसर के चारों ओर झाड़ियां और घास-फूस उग आई हैं। कई स्थानों पर कचरा और गंदगी भी दिखाई देती है। स्वच्छता के उद्देश्य से बनाए गए भवन के आसपास ही अस्वच्छ वातावरण होना व्यवस्था पर सवाल खड़े करता है। यदि समय-समय पर साफ-सफाई और रखरखाव कराया जाता तो परिसर की स्थिति इतनी खराब नहीं होती। लंबे समय से उपेक्षा के कारण यह सार्वजनिक सुविधा केंद्र अब बदहाली का प्रतीक बन गया है।

### कार्रवाई की जाएगी

मामले की जांच कराई जाएगी और जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी।

-अजय पटेल, सीईओ जपं बरमकेला

## केंद्र सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने पर अमलडीहा में पौधरोपण, किया गया बुजुर्गों का सम्मान



**चंद्रपुर।** केंद्र सरकार के सफलतम 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में चंद्रपुर से लगे ग्राम अमलडीहा में पौधरोपण एवं बुजुर्ग सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ समाज के वरिष्ठ नागरिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करना था।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीणों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूल मंत्र को आत्मसात करते हुए क्षेत्र के बुजुर्गों को शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा शक्ति जिला मंत्री श्रीमती रूपा सिंह देव, चंद्रपुर मंडल महिला मोर्चा महामंत्री श्रीमती सुक्रीता निषाद, डायमंड पटेल, वसुंधरा साहू, सियाराम पटेल, भोलेनाथ साहू सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रबुद्ध नागरिक एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए श्रीमती रूपा सिंह देव ने केंद्र सरकार के 12 वर्षों की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, जनकल्याण, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण एवं गरीब कल्याण के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं।

## बच्चों संग मध्यान्ह भोजन कर भावुक हुए पूर्व संसदीय सचिव



**सरसीवा।** शासकीय स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी हिन्दी माध्यम विद्यालय बालपुर में आयोजित शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम में पूर्व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और क्षेत्र के शैक्षणिक विकास पर विशेष चर्चा की गई। इस अवसर पर पूर्व संसदीय सचिव चंद्रदेव राय ने कहा कि बिलाईगढ़ विधानसभा क्षेत्र के गरीब, किसान एवं मजदूर परिवारों के बच्चों की आंखों में बेहतर भविष्य के सपनों की चमक देखकर अत्यंत प्रसन्नता होती है।

उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण अंग्रेजी माध्यम की शिक्षा कभी क्षेत्र के अनेक परिवारों का सपना हुआ करती थी, जो आज स्वामी आत्मानंद विद्यालयों के माध्यम से साकार हो रहा है। उन्होंने बताया कि विधायक एवं संसदीय सचिव के कार्यकाल के दौरान क्षेत्र की जनता की मांगों को तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समक्ष प्रमुखता से रखा गया था। उनके सहयोग से बिलाईगढ़ सहित क्षेत्र में स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों की स्थापना हुईए जिससे हजारों विद्यार्थियों को बेहतर शिक्षा का अवसर मिल रहा है। विद्यालयों के उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम इस पहल की सफलता को दर्शाते हैं। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने पूर्व संसदीय सचिव का आत्मीय स्वागत किया और उनके कार्यकाल में हुए विकास कार्यों को स्मरण किया।

## पत्रकार सुरक्षा कानून शीघ्र लागू करने की मांग, सीएम को सौंपा ज्ञापन



**बिलाईगढ़।** छत्तीसगढ़ श्रमजीवी पत्रकार संघ, तहसील इकाई बिलाईगढ़ ने प्रदेश में पत्रकारों की सुरक्षा एवं स्वतंत्र पत्रकारिता को सुदृढ़ बनाने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री के नाम एसडीएम के माध्यम से ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में वर्ष 2023 में पारित पत्रकार सुरक्षा विधेयक को शीघ्र प्रभाव से लागू करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि पत्रकार लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में शासन और जनता के बीच महत्वपूर्ण कड़ी का कार्य करते हैं। विशेषकर नवगठित जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ में कार्यरत पत्रकार विभिन्न चुनौतियों के बीच अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। जनहित से जुड़े समाचारों के प्रकाशन के कारण पत्रकारों के विरुद्ध दुर्भावनापूर्ण शिकायतें, अनावश्यक दबाव तथा प्रताड़ना की घटनाएं बढ़ रही हैं, जिससे असुरक्षा का वातावरण निर्मित हो रहा है पत्रकार संघ ने ज्ञापन में उल्लेख किया है कि कई मामलों में बिना पर्याप्त जांच के ही पत्रकारों के खिलाफ अपराध दर्ज किए जाने जैसी परिस्थितियां भी सामने आई हैं। ऐसी स्थिति में पत्रकार स्वयं को अपेक्षित कानूनी संरक्षण से वंचित महसूस कर रहे हैं। संघ ने बताया कि पत्रकार सुरक्षा संबंधी विधेयक वर्ष 2023 में विधानसभा से पारित होकर राजपत्र में भी प्रकाशित हो चुका है, लेकिन अब तक इसे पूर्ण रूप से लागू नहीं किया गया है।



# एक्शन थ्रिलर टॉक्सिक की नई रिलीज डेट का ऐलान

**मुंबई।** टॉक्सिक इस साल की बड़ी फिल्मों में से एक मानी जा रही है। सुपरस्टार यश की अपकमिंग फिल्म टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोनअप्स का नई रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। फिल्म अब अगस्त में रिलीज होगी। इस फिल्म की रिलीज डेट पहले दो बार पोस्टपोन हो चुकी है। यश के लिए ये साल काफी खास रहने वाला है। इस साल उनकी दो बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। इन फिल्मों में एक टॉक्सिक है और दूसरी है नितेश तिवारी की रामायण। यश की टॉक्सिक में उनके साथ नयनतारा और कियारा आडवाणी नजर आनेवाली हैं। यश की टॉक्सिकः अ फेयरीटेल फॉर ग्रोनअप्स 26 अगस्त, 2026 में रिलीज होगी।

लाइफ Style

# निकिता

## कॅरियर का टर्निंग प्वाइंट 'कबीर सिंह'

शाहिद कपूर की 'कबीर सिंह' को रिलीज हुए सात साल पूरे हो चुके हैं। इस मौके पर फिल्म का हिस्सा रहीं एक्ट्रेस निकिता दत्ता ने अपने कॅरियर पर इस फिल्म के लंबे समय तक रहने वाले असर के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि इस फिल्म ने इंडस्ट्री में उनके बारे में लोगों की सोच बदल दी।

एजेंसी ⏭ मुंबई

बॉलीवुड में लीड रोल पाने का रास्ता बनाया। निकिता ने 'कबीर सिंह'को अपने कॅरियर का बड़ा टर्निंग पॉइंट बताया। फिल्म ने उनके कॅरियर पर कैसे असर डाला इस बारे में बात करते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि कबीर सिंह मुझे तब मिली जब मैं फिल्मों में अपनी जगह बनाने की कोशिश कर रही थी। कबीर सिंह के बाद कास्टिंग के मामले में मुझे अलग नजरिए से देखा जाने लगा। मैंने लीड रोल वाली अपनी पहली दो फिल्में साइन कीं। इस फिल्म ने मुझे वह बदलाव दिया जिसकी मुझे जरूरत थी। फिल्म में शाहिद कपूर के साथ काम करने के अपने अनुभव को निकिता ने साझा किया। उन्होंने कहा कि यह फिल्म ऐसी थी, जिसे लोगों ने बहुत पसंद किया और जिस पर काफी चर्चा हुई। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कभी भी फाइनल रिजल्ट के बारे में नहीं सोचा। मैंने फिल्म को दिन-दर-दिन के हिसाब से किया। बस हर सीन में जो कर सकती थी, वह करने की कोशिश की। यह वांगा सर का विजन था जिसकी वजह से ऐसा रिजल्ट मिला। शूटिंग के दौरान शाहिद का फोकस तारीफ के काबिल था। निकिता जल्द ही 'नजदीकियां' में मुख्य भूमिका निभाती नजंर आएंगी।



हॉलीवुड मसाला



# अभिनेता जियानकार्लो ने अपनाया इस्लाम

**लॉस एंजिल्स।** सऊदी गजट नाम के एक इंस्टाग्राम पेज पर अमेरिकी अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो का एक वीडियो साझा किया गया। इस वीडियो में वह सऊदी अरब की एक अदालत में नमाज अदा कर रहे थे। इसी वीडियो के कैप्शन में लिखा था, 'ब्रेकिंग बैड' के अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो ने इस्लाम अपनाया।' अभिनेता जियानकार्लो एस्पोसिटो की परवरिश कैथोलिक धर्म के अनुसार हुई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार उन्होंने पादरी बनने के बारे में भी सोचा था। एस्पोसिटो की शादी जॉय मैकमैनिगल से हुई थी। उनकी चार बेटियां हैं। बाद में अभिनेता का पत्नी से तलाक हो गया।



# तीसरी बार मां बनेंगी अभिनेत्री एनी, सेलेब्स ने लुटाया प्यार

**लॉस एंजिल्स।** ऑस्कर विनिंग हॉलीवुड एक्ट्रेस हॉलीवुड एक्ट्रेस एनी हैथवे 43 साल की उम्र में तीसरी मां बना बनेंगी। इस खुशी की खबर को उन्होंने इंस्टाग्राम पर अपने फैंस के साथ बांटा है। यह खबर जानकर उनके फैंस और हॉलीवुड के कई सेलेब्स खुशी से फूले नहीं समाए हैं। एनी हैथवे ने इंस्टाग्राम पर शुक्रवार देर रात एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो में वह सफेद पहनावे में अपने लिविंग रूम में चल रही हैं। फिर वह घूमती हैं और अपना बेबी बंप दिखाती हैं। वीडियो के कैप्शन में भी लिखा है, ' बेबी, मैं तुम्हारी हूं।'एनी हैथवे और उनके पति एडम की यह तीसरी संतान होगी। दोनों ने साल 2012 में शादी की थी। इनके दो बेटे हैं। 10 साल के बेटे का नाम जोनाथन है, वहीं 6 साल के बेटे का नाम जैक है। अब एनी हैथवे तीसरी बार प्रेग्नेंट हैं। यह खुशी उन्होंने अपने फैंस के साझा की है। एनी हैथवे की पोस्ट पर फैंस और हॉलीवुड के कई सेलेब्स ने प्यार लुटाया है।



# दादाजी ने घर में कर रखे थे गोलगप्पे बैन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला अपनी ग्लोइंग स्किन और फिटनेस को लेकर अक्सर सुर्खियों में बनी रहती हैं। एक्ट्रेस के फैंस उनकी डाइट और उनकी फिटनेस रूटीन को लेकर हमेशा ज्यादा से ज्यादा जानना चाहते हैं। एक हालिया इंटरव्यू में एक्ट्रेस ने बताया कि कैसे उनके घर में एक अजीब नियम था कि लड़कियां गोलगप्पे नहीं खा सकतीं। उर्वशी रौतेला ने बताया कि यह नियम उनके दादाजी ने बनाया था और घर की सभी महिलाएं यह रूल फॉलो किया करती थीं। एक्ट्रेस ने इसी इंटरव्यू में अपनी ग्लोइंग स्किन का सीक्रेट और फिटनेस का राज भी बताया। उर्वशी रौतेला ने बताया कि उस वक्त उनके घर में बाहर का खाना पूरी तरह बैन था। हालांकि, उनकी मां इतना टेस्टी खाना बनाया करती थीं कि उनका टिफिन अक्सर चोरी हो जाया करता था।



# भारतीय सिनेमा में हाईएस्ट पैड एक्टर बना रणवीर

**नई दिल्ली।** कुछ समय पहले तक भारतीय सिनेमा में किसी एक्टर के लिए ₹10 करोड़ की फीस बहुत बड़ी बात मानी जाती थी। 90 के दशक में, चिरंजीवी, कमल हासन और श्रीदेवी पहले ऐसे भारतीय स्टार बने जिन्होंने हर फिल्म के लिए ₹1 करोड़ की फीस ली। अब सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर्स में एक स्टार ने टॉप पर अपनी जगह बना ली है। इस स्टार ने अपने हाल ही के प्रोजेक्ट के लिए 325 करोड़ रुपए की तगड़ी फीस लेकर एक बड़ा रिकॉर्ड बना दिया है। वह सितारा कोई और नहीं बल्कि 2025 और 2026 में सिनेमाघरों में धूम मचाने वाले 'धुरंधर' एक्टर रणवीर सिंह हैं। फिल्म से मिली भारी कमाई की वजह से रणवीर सिंह अब भारत के सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर बन गए हैं। 'धुरंधर' की दोनों फिल्मों ने दुनिया भर में ₹3200 करोड़ से ज्यादा की कमाई की।

टीवी मसाला




# सांपों के स्टंट में रुबीना को देख चीखीं जैस्मीन-फरहाना

**नई दिल्ली।** 'खतरों के खिलाड़ी 15' का नया प्रोमो देखकर आपके भी रोंगटे खड़े हो जाएंगे! शो के खतरनाक स्टंट में रुबीना दिलैक के गले में कई जहरीले सांप लिपटे नजर आए, जिसे देख जैस्मीन भसीन और फरहाना भट्ट डर के मारे जोर-जोर से चीख पड़ीं। लेकिन बवाल सिर्फ प्रोमो तक ही नहीं है, ग्रैंड फिनाले से ठीक पहले शो के टॉप 2 फाइनलिस्ट के नाम भी लीक हो गए हैं! प्रोमो में रुबीना के चेहरे पर खौफ साफ देखा जा सकता है, वहीं उन्हें इस हालत में देखकर जैस्मीन भसीन और फरहाना भट्ट डर के मारे जोर-जोर से चीखने लगी। रिलीज हुए प्रोमो में दिखाया गया है कि रुबीना दिलैक एक बेहद मुश्किल स्टंट परफॉर्म कर रही हैं। इस स्टंट के दौरान उनके गले और पूरे शरीर पर कई खतरनाक सांप रेंग रहे हैं। वैसे तो रुबीना को बहुत हिम्मतवाली माना जाता है, लेकिन जब सांप उनके चेहरे के बिल्कुल करीब पहुंच गए, तो वह भी बुरी तरह घबरा गईं। सांपों के इस खतरनाक साये के बीच रुबीना खुद पर काबू रखने की पूरी कोशिश कर रही थीं, लेकिन उनका डर साफ नजर आ रहा था। रुबीना को इस तरह खतरों से खेलते देख बाकी कंटेस्टेंट्स की हालत खराब हो गई। खासकर जैस्मीन भसीन और फरहाना भट्ट, जो वहां बैठकर यह स्टंट देख रही थीं, खुद को चीखने से नहीं रोक पाईं। डर के मारे दोनों की आंखें फटी की फटी रह गईं। प्रोमो में जैस्मीन और फरहाना जोर-जोर से रोते और चिल्लाते हुए नजर आ रही हैं, जिससे साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि इस बार शो में खतरों का लेवल कितना ज्यादा बढ़ गया है।

## सीआईडी में लाश बनकर कमाए 3000 रुपए

**नई दिल्ली।** कभी पहचान बनाने के लिए उन्हें ऐसे किरदार भी निभाने पड़े, जिन पर शायद ही किसी की नजर जाती हो। एक लोकप्रिय शो में वह



'लाश' बनकर घंटों बिना हिले-डुले पड़ी रहीं। सीन के दौरान कलाकार उनकी आंखें खोलकर जांचते थे और वह सब कुछ सहते हुए अपने सपनों को जिंदा रखे हुए थीं। बदले में मिलते थे सिर्फ 3000 रुपए। आज उनकी सफलता के पीछे छिपी यही अनकही कहानी लोगों का दिल छू रही है। 'बिग बॉस 16' और 'खतरों के खिलाड़ी 13' जैसे बड़े रियलिटी शोज से देशभर में अपनी खास पहचान बनाने वाली एक्ट्रेस अर्चना गौतम आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं। अपनी बेबाक पर्सनैलिटी और अनफिल्टर्ड बयानों के लिए मशहूर अर्चना ने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में एक लंबा सफर तय कियाै। लेकिन, उनके लिए यह मुकाम हासिल करना बिल्कुल भी आसान नहीं था। रियलिटी गेम शो 'तुम हो ना - घर की सुपरस्टार' में बतौर खास मेहमान नजर आने वाली हैं। इस शो को राजीव खंडेलवाल होस्ट कर रहे हैं।

# 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' में ट्रंप की मिमिक्री, आलिया हुईं रोस्ट

**नई दिल्ली।** स्टैंडअप कॉमेडियन समय रैना ने शो 'इंडियाज गॉट लेटेंट 2' के पहले एपिसोड की शुरुआत में ही आलिया भट्ट का खूब मजाक बनाया। समय के अलावा एक प्रतियोगी ने भी आलिया को रोस्ट किया, उन पर मजाकिया ढंग से तंज कसे। यह प्रतियोगी शो में डोनाल्ड ट्रंप बनकर आया था। इस शख्स की मिमिक्री ने सबका दिल जीत लिया था।

ट्रंप बने प्रतियोगी ने इंटरनेशनल मुद्दों पर मजाकिया ढंग से कटाक्ष किया। यह देखकर सब उनकी तारीफ कर रहे थे। आलिया ने भी कुछ बोलने की कोशिश की लेकिन वह सकपका गईं। इस पर प्रतियोगी ने कहा, 'कोई इनको स्क्रिप्ट दो।' यह बात जैसे ही ट्रंप बने प्रतियोगी ने कही आलिया और बाकी




जजेज की हंसी छूट गई। समय रैना के शो के पहले एपिसोड में आलिया भट्ट की रोस्टिंग देखकर सोशल मीडिया यूजर्स को भी खूब मजा आया। एक यूजर ने रिएक्शन देते हुए लिखा, 'आलिया आपके इसके लिए तैयार नहीं थीं।' एक अन्य ने लिखा, 'आलिया नर्वस थीं, लेकिन आपके अच्छा परफॉर्म किया।' फैंस आलिया की तारीफ करते नजर आए।


# सितारों ने दिखाया फिटनेस का जलवा

**नई दिल्ली।** 12वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर देशभर में योग को लेकर उत्साह नजर आया। इस मौके पर कई सितारों ने योग करते हुए तस्वीरें शेयर कीं और फैंस को योग करने के लिए प्रोत्साहित किया। फिटनेस के लिए मशहूर शिल्पा शेट्टी ने भी गुरुग्राम में लोगों के साथ योग किया और सभी को फिट रहने के लिए प्रोत्साहित किया। एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा ने भी इंस्टाग्राम पर कई स्टोरीज और पोस्ट शेयर कर योग और फिटनेस के लिए फैंस को प्रेरित किया। बॉलीवुड के खिलाड़ी कुमार यानी अक्षय कुमार भी मुंबई में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ योग करते नजर आए। इस दौरान कई लोग मौजूद रहे। एक्टर शाहिद कपूर और श्रीलीला भी योग दिवस के मौके पर फैंस के साथ योग करते नजर आए।





हाल ही में 'पति पत्नी और वो 2' में नजर आईं रकुल प्रीत सिंह ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी शेयर कर योगा डे की बधाई दी और योग करते हुए तस्वीरें शेयर कीं।



## मुझ को छांव में रखा और खुद भी वो जलता रहा, मैंने देखा इक फरिश्ता बाप की परछाईं में

# काजोल से लेकर संजय तक ने साझा की फादर्स-डे पर खास पोस्ट

*'मुझ को छांव में रखा और खुद भी वो जलता रहा, मैंने देखा इक फरिश्ता बाप की परछाईं में' एक अज्ञात शायर की यह चंद पक्तियां पिता के विराट अस्तित्व को बखूबी बयां करती हैं। आम लोगों से लेकर बॉलीवुड सेलेब्स तक ने फादर्स-डे सेलिब्रेट किया। सोशल मीडिया पर इस खास मौके पर कई सेलेब्स ने अपने पिता के लिए खास पोस्ट साझा की हैं। काजोल ने पिता और मां तनुजा की एक पुरानी तस्वीर साझा की है। फादर्स डे पर साझा की गई अपनी इंस्टाग्राम पोस्ट के कैप्शन में वह लिखती हैं, 'पुरानी तस्वीरें देखते हुए यह अहसास होता है कि मेरी हंसी में आप आज भी कितने जिंदा हैं। आपकी हर दिन याद आती है, पापा। हैप्पी फादर्स डे।'*

**नई दिल्ली।** हुमा कुरैशी ने तो अपने पिता के साथ कई तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट की हैं। एक इमोशनल कैप्शन भी वह लिखती हैं, 'बचपन में हमें लगता था कि हमारे पापा के पास हर सवाल का जवाब है। फिर हम बड़े हुए और हमें अहसास हुआ कि वे भी चीजों को समझने और संभालने की कोशिश कर रहे थे। ऐसी जिम्मेदारियां निभा रहे थे जिन्हें हम समझ नहीं पाते थे। ऐसे त्याग कर रहे थे जिनके बारे में उन्होंने कभी बात नहीं की। हर दिन डटे रहे, तब भी जब जिंदगी आसान नहीं थी। इस सफर में कहीं न कहीं, आप अपने पापा को सिर्फ एक पिता के तौर पर नहीं बल्कि उस



भूमिका के पीछे छिपे इंसान के तौर पर देखने लगते हैं। इससे सब कुछ बदल जाता है।'

ईशा देओल ने भी अपने इंस्टाग्राम पेज के स्टोरी सेक्शन में पिता धर्मेंद्र को याद करते हुए लिखा, 'लव यू पापा।' पिछले साल दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र का निधन हुआ था।

संजय दत्त ने भी अपने पिता सुनील दत्त को याद करते हुए एक इंस्टाग्राम पोस्ट साझा की है, इसके कैप्शन में वह लिखते हैं, 'पापा, मैं आपसे बहुत प्यार करता हूं। आपको बहुत याद करता हूं। काश आप यहां होते, आप मेरी ताकत हैं और हमेशा रहेंगे।'

'पुष्पा' फिल्म फेम और साउथ सुपरस्टार अल्लू अर्जुन ने भी अपने पिता के नाम फादर्स डे पर एक प्यार भरा मैसेज इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया है। वह लिखते हैं, 'मेरे पिता ही मेरे भगवान हैं। वे ऐसे भगवान हैं जिन्हें मैं देख सकता हूं, जिनकी आवाज सुन सकता हूं, जिनसे बात कर सकता हूं और जिन्हें छू सकता हूं और उन्होंने ही मुझे जिंदगी में लगभग सब कुछ दिया है। मेरे पापा और दुनिया के सभी प्यारे पिताओं को 'हैप्पी फादर्स डे'।'

*राजपाल यादव ने भी अपनी बेटियों के साथ प्यारी तस्वीरें सोशल मीडिया पर पोस्ट की हैं। साथ ही कैप्शन लिखा है, 'मैंने जिंदगी में बहुत सारे किरदार निभाए हैं और आगे भी निभाता रहूंगा लेकिन 'पापा' का किरदार सबसे प्यारा, सबसे खास और हमेशा मेरे दिल के करीब रहेगा।'*

*अनन्या पांडे ने भी पिता चंकी पांडे के साथ एक पुरानी तस्वीर इंस्टाग्राम पर साझा की है। साथ ही लिखा है- हैप्पी फादर्स डे पापा।*

*करण देओल ने भी अपने पिता सनी देओल के नाम एक इमोशनल पोस्ट साझा की है। वह 'बंटवारा 1947' में सनी देओल के साथ अभिनय भी कर रहे हैं।*

*जैकी श्रॉफ की बेटी कृष्णा ने भी फादर्स डे पर एक पुरानी तस्वीर साझा की है। इसमें जैकी श्रॉफ, टाइगर श्रॉफ और कृष्णा नजर आ रहे हैं।*

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग बच्चों ने दिया स्वस्थ भारत का संदेश

**सारंगढ़।** योग दिवस के अवसर पर प्रांजल फाउंडेशन द्वारा संचालित प्रांजल विशेष स्कूल में अनोखा नजारा देखने को मिला। यहाँ पढ़ने वाले दिव्यांग बच्चों और सियान सदन के बुजुर्गों ने एक साथ योग करके बताया कि योग शरीर से नहीं संकल्प से होता है। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 7 बजे स्कूल परिसर में ओम के उच्चारण के साथ कार्यक्रम शुरू हुआ। संस्था की संस्थापिका सामाजिक कार्यकर्ता श्रीमती हीरा देवी निराला ने दीप प्रज्वलित कर बच्चों का हौसला बढ़ाया। खास योग प्रदर्शन में व्हीलचेयर पर बैठे बच्चों ने ताड़ासन, भ्रामरी प्राणायाम और अनुलोम विलोम किया। मूक बधिर बच्चों ने संकेत भाषा में योग प्रशिक्षक के साथ सूर्य नमस्कार की 5 स्टेप्स पूरी कीं। मानसिक रूप से कमजोर बच्चों ने संगीत की धुन पर सूक्ष्म व्यायाम कर सभी का मन मोह लिया।

### सरस्वती शिशु मंदिर में किया गया योग

**कोसीर।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के पर कोसीर क्षेत्र के गांव-गांव में योग दिवस खुशी के साथ मनाया गया। वहीं स्कूलों में भी योग दिवस पर छात्र-छात्राओं ने तन व मन को स्वस्थ बनाए रखने के लिए योग कर योग की महत्व को जाना। वहीं कोसीर के सरस्वती शिशु मंदिर में खास रहा योग शिक्षक राकेश लहरे ने सभी उपस्थित छात्र छात्राओं को योग की महत्व पर प्रकाश डालते हुए योग की महत्व को बताया और सभी छात्र के बीच खुद योगा कर सभी को योग कराया। वहीं कोसीर के अनेकों स्कूलों में योग करते हुए छात्र-छात्रा नजर आए।

### कन्या शाला में मनाया गया योग दिवस

**घरघोड़ा।** स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट हिंदी माध्यम शासकन्या शाला घरघोड़ा मे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया द्य कार्यक्रम के शुभारम्भ में प्राचार्य हरीशचंद्र बेहरा एवं प्रधानपाठक अखिलेश कुमार मिश्रा ने माँ छत्तीसगढ़ महतारी, माँ भारती, माँ शारदे की तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन करते हुए उपस्थित जनों को योग दिवस की महत्ता पर विचार व्यक्त कर योग को पुरातन संस्कृति का अंग बतलाया द्यप्राचार्य श्री बेहरा ने उपस्थित छात्राओं से नियमित योग करने का संकल्प लिया द्य विद्यालय की कर्मठ शिक्षिका मिना महंत एवं अखिलेश कुमार मिश्रा ने संयुक्त रूप से योग की महत्ता को बतलाते हुए क्रमशः विविध प्रकार के योगासनों का अभ्यास करवाया जिसमें छात्राओं ने उत्साहपूर्वक अपनी सहभागिता निभायी द्यनियमित रूप से घरों मे योगाभ्यास करने वाली छात्राओं ने अपने अनुभवों को मंच पर साझा किया। कार्यक्रम को गति देते हुए शिक्षक विजय पंडा ने छात्राओं से घरों में नियमित योग करने संबंधित विचार व्यक्त किया। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर उपस्थित कर्मठ शिक्षकों में पीला राम लहरे तिलोक चक्रधारी प्रमोद साहू कार्यालयीन कर्मचारियों में से काशी राम टंडन कमला चौहान, लोकेश्वरी सिदार ने कार्यक्रम को सफल बनाया द्यविविध प्रकार के योग आसन एवं उनसे प्राप्त होने वाले शारीरिक मानसिक बौद्धिक लाभ को जानकर छात्राओं मे उत्साह का वातावरण बना एवं योग को दैनिक जीवन की प्रारम्भिक गतिविधियों मे शामिल करने का निश्चय किया।

### मिशन नवभारत युवा मोर्चा ने चलाया स्वच्छता अभियान

**तमनार।** मिशन नव भारत युवा मोर्चा के 22वें स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर माँ घटोरिया धाम कसडोल तमनार में परिसर की साफ सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया गया। इस अवसर पर संगठन के पदाधिकारियों एवं ग्रामीणजनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता किया गया। मिशन नव भारत युवा मोर्चा रायगढ़ द्वारा भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी स्वच्छता अभियान से उत्साहित होकर साफ सफाई की गई। सभी लोगो को केला प्रसाद खिलाया गया। रामेश्वर साव ने बताया कि मिशन नव भारत जो की यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आदर्शों विचारों पर चलता है। साथ ही हमारे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक व मिशन नव भारत के राष्ट्रीय संयोजक व राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि भाई चाणक्य भाई साहब के नेतृत्व में 22 वा स्थापना दिवस वर्षगांठ मनाया रहा है।

### योग में शामिल हुई छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष

# योग मनुष्य के स्वस्थ, सकारात्मक जीवन जीने का साधन



हरिभूमि न्यूज ⏭ सरिया

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर नगर पंचायत सरिया में भी बड़ी संख्या में लोगों ने योग करके जीवन को स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया। इस मौके पर छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डॉ वर्णिका शर्मा भी शामिल होकर योग किया। सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के तहसील मुख्यालय सरिया में 21 जून अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर बड़ी संख्या में लोगों ने योग करके अपने जीवन को स्वस्थ बनाने का संकल्प लिया।

इस मौके पर छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग के अध्यक्ष डा वर्णिका शर्मा ने कहा कि योग हर मनुष्य के स्वस्थ, सकारात्मक, सृजनात्मक और संपूर्ण जीवन जीने की साधन उपलब्ध कराता है। योग के माध्यम से हम यह सीखते हैं कि अपने जीवन शैली को उन्नत बनाकर किस प्रकार समाज के उत्थान में सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में योग को भारत की प्राचीन परंपरा का अमूल्य उपहार बताते हुए इसे वैश्विक स्तर पर मनाने का प्रस्ताव रखा था। इसका उद्देश्य भारत की प्राचीन परंपरा को समस्त मानव के स्वास्थ्य और सामूहिक कल्याण से जोड़ना था।

संयुक्त राष्ट्र में 190 देशों ने भारत के इस प्रस्ताव का समर्थन किया। तब जाकर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के रूप में घोषित किया गया। और आज पूरे विश्व में 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जा रहा है। इस मौके पर मैं भी आज आप लोगों के बीच उपस्थित होकर योग कर रही हूं। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हुए बच्चों के हित में कार्य कर रही है। कहीं पर भी बच्चों के प्रति अन्यायए अत्याचार की जानकारी हो तो इसकी जानकारी तत्काल बाल संरक्षण आयोग के हेल्पलाइन नंबर में दें। ताकि तत्काल इस प्रकार कार्रवई की जा सके। उन्होंने कहा कि आज सरिया में योग के माध्यम से पता चला कि यहां भी लोग अपने स्वस्थ जीवन जीने के लिए बहुत जागरूक हैं।

## ओपी जिंदल स्कूल में योग दिवस का आयोजन



**रायगढ़।** स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर ओपी जिंदल विद्यालय तराईमाल रायगढ़ नलवा स्टील एंड पॉवर लिमिटेड और नलवा स्पेशल स्टील लिमिटेड के सौजन्य से योग मैदान पर 12वाँ अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस अत्यंत हर्षोल्लास एवं अनुशासन के साथ मनाया गया। मंच का संचालन विद्यालय के शिक्षक विश्वेश्वर शर्मा द्वारा किया गया। उन्होंने योगाभ्यास का परिचय देते हुए कार्यक्रम को आगे बढ़ाया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नलवा स्टील एंड पॉवर लिमिटेड और नलवा स्पेशल स्टील लिमिटेड के निदेशक डॉ. एसएस राठी, विद्यालय की प्राचार्या श्रीमती अलका गोडबोले, शिक्षकगण, अभिभावक, विद्यार्थी, नलवा प्लांट के अधिकारी, कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। मुख्य अतिथि डॉ. एसएस राठी ने योग दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए अपने उद्बोधन में कहा योग की कोई आयु सीमा नहीं होती। अधिक आयु के लोग भी इसका नियमित अभ्यास कर सकते हैं। शरीर को स्वस्थ रखने के लिए निरंतर योग करते रहना चाहिए, क्योंकि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। यदि 50 वर्ष की आयु के बाद भी योग नहीं किए तो स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। उन्होंने योग को जीवन का अभिन्न अंग बनाने पर बल दिया।

## न्यायालय परिसर में किया गया सामूहिक योगाभ्यास



**घरघोड़ा।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर तालुका विधिक सेवा समिति घरघोड़ा एवं जिला एवं अपर सत्र न्यायालय घरघोड़ा के संयुक्त तत्वावधान में अभिषेक शर्मा जी के नेतृत्व में न्यायालय परिसर में योग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अधिवक्ता व संघ घरघोड़ा के सदस्य, न्यायालयीन अधिकारी कर्मचारीगण एवं पैरालीगल वालंटियर्स उत्साहपूर्वक शामिल हुए। कार्यक्रम में योग शिक्षिका विजया पंडा द्वारा विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान की विधियों का अभ्यास कराया गया तथा योग के महत्व एवं स्वास्थ्य लाभों की जानकारी दी गई। उपस्थितजनों ने योग शिक्षिका के मार्गदर्शन में सामूहिक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बताया गया कि नियमित योग न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, बल्कि मानसिक तनाव को कम कर व्यक्ति को सकारात्मक ऊर्जा एवं आत्मविश्वास भी प्रदान करता है। योग को दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बनाकर स्वस्थ, संतुलित एवं निरोग जीवन प्राप्त किया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने प्रतिदिन योग करने तथा अपने परिवार एवं समाज को भी योग के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।



## स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर विभिन्न स्थानों पर किया योग

**रायगढ़।** जिंदल पावर तमनार द्वारा योग दिवस के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर योग अभ्यास का आयोजन किया गया। इन स्थानों पर योग शिक्षकों द्वारा विभिन्न प्रकार के आसन कराए गए। योग गुरूओं द्वारा लोगों को योग का महत्व बताया गया साथ ही योग को नियमित रूप से करने के लिए प्रेरित भी किया गया। अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को देश भर में 12वां योग दिवस मनाया गया। इस वर्ष स्वस्थ आयु के लिए योग थीम पर योगाभ्यास कराया गया। जिंदल पावर तमनार द्वारा भी प्लांट एरिया के गांवों तमनार, कुंजेमुरा, सलहारी और बरकस पाली में सुबह योगाभ्यास का आयोजन किया गया। इन स्थानों पर बड़ी संख्या में ग्रामीण व विद्यार्थियों ने योगाभ्यास किया। तमनार में योग प्रशिक्षिका रूक्मणी पटनायक ने योगाभ्यास कराया। इसी प्रकार जिंदल चिल्ड्रन होम गर्ल्स एवं ब्वायज में अलग अलग योगाभ्यास कराया गया। ओपी जिंदल स्कूल राबो में भी योग दिवस पर योगाभ्यास कराया गया। यहां बड़ी संख्या में विद्यार्थी शामिल हुए। माइंस एरिया के हाईस्कूल समकेरा, प्राइमरी स्कूल नागरामुड़ा, हाई स्कूल लिबरा, मिडिल स्कूल सारसमाल, और शासकीय हाईस्कूल कोलम चितवाही में योगाभ्यास का आयोजन कराया गया। ओपी जिंदल स्कूल के आडिटोरियम में भी योग का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में जिंदल पावर के अधिकारी, कर्मचारी और उनके परिजन शामिल हुए। यहां एक्सपर्ट योग गुरू द्वारा लोगों को अनुलोम, विलोम, कपालभाति, शवासन आदि आसनों का अभ्यास कराया गया।

## डॉ भंवर सिंह पोर्ते कॉलेज में मनाया गया विश्व योग दिवस



**घरघोड़ा।** प्राचार्य डॉ जगदीश तिर्की के मर्गदर्शन तथा एस एल साहू कार्यक्रम अधिकारी रासेयो के कुशल नेतृत्व में अंतराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर 21 जून को डॉ भंवर सिंह पोर्ते कला, विज्ञान एवं वाणिज्य महाविद्यालय घरघोड़ा में सामूहिक रूप से योगाभ्यास किया गया। एक विश्व एक स्वास्थ्य के लिए योग की थीम पर योग दिवस मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम योग एवं प्राणायाम कर शारीरिक एवं मानसिक थकान को दूर करने एवं एकाग्रता को बढ़ाने के लिए योगाभ्यास किया गया। संस्था के प्राचार्य द्वारा योग के महत्व को बताए एवं इसे हमे अपने जीवन में आत्मसात करने तथा प्रतिदिन योग प्राणायाम करने हेतु प्रेरित किए एवं एस एल साहू ;कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सभी छात्रों को स्वास्थ्य काया और निर्मल मन के लिए योग करने एवं सही खान पान अपनाने हेतु प्रेरित किए। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय कर्मचारीयों में रामप्यारे सूर्यवंशी, दीपक सिंह ठाकुर, मोनिका लकड़ा, पद्मिनी भोय एवं छात्रों में जामुली, रमाएटीना, चंद्रा आदि की उपस्थिति सराहनीय रहा।

## एनएमएल तलईपल्ली में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन



एनएमएल तलईपल्ली कोयला खनन परियोजना द्वारा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग सत्र का आयोजन किया गयाए कोसल विहार आवासीय परिसर में आयोजित कार्यक्रम में कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में अखिलेश सिंह, परियोजना प्रमुख, एनएमएल तलईपल्ली उपस्थित रहे। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को स्वस्थ एवं संतुलित जीवन के लिए योग को अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर 7 जून से 20 जून तक आयोजित 14 दिवसीय योग कार्यशाला का भी समापन हुआ। कार्यशाला के दौरान प्रतिभागियों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं स्वास्थ्यवर्धक अभ्यासों का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर योग शिक्षक विभांशु बंजारे को सम्मानित भी किया गया। यह आयोजन कर्मचारियों एवं उनके परिवारों के बीच स्वास्थ्य, फिटनेस एवं मानसिक कल्याण के प्रति जागरूकता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रही।

## श्री चैतन्य टेक्नो स्कूल बच्चों ने जाना स्वस्थ जीवन का मंत्र

**खरसिया।** चैतन्य टेक्नो स्कूल में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर एक भव्य और ऊर्जावान योग शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्कूल के छात्र छात्राओं ने पूरे उत्साह और बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। रंग बिरंगे मैट पर जब नन्हे मुन्ने बच्चों ने एक साथ योग आसन किए तो पूरा परिसर सकारात्मक ऊर्जा से भर उठा। शिक्षकों ने सिखाए सेहत के गुर स्कूल के शिक्षक और शिक्षिकाओं ने बच्चों को खेल खेल में योग का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि कैसे योग हमारी आधुनिक जीवन शैली को सुधारने में मदद करता है। शारीरिक और मानसिक विकास बच्चों को जानकारी दी गई कि नियमित योग करने से न सिर्फ शरीर मजबूत और लचीला बनता है, बल्कि याददाश्त मेमोरी और एकाग्रता फोकस में भी अद्भुत सुधार होता है। यह तनाव को दूर भगाकर मन को शांत रखता है। प्रिंसिपल बी हर्षिता ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए उन्हें नियमित रूप से योग करने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा योग केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि एक स्वस्थ और सफल जीवन जीने की कला है। जो बच्चे रोज योग करते हैं, उनका दिमाग तेज और शरीर हमेशा ऊर्जा से भरपूर रहता है।



## पुसौर में सैकड़ों लोगों ने किया योगाभ्यास



**रायगढ़।** पुसौर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का भव्य एवं आयोजन किया गया। विकासखंड स्तरीय इस कार्यक्रम का आयोजन शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुसौर के प्रांगण में किया गया, जहां बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं नागरिकों ने सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का वातावरण योग, स्वास्थ्य और सकारात्मक ऊर्जा से परिपूर्ण रहा। उपस्थित सभी प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और उल्लास के साथ योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवन का संकल्प लिया। योग कार्यक्रम में योग साधक एवं संचालक अभिनव स्कूल के अक्षय सतपथी के मार्गदर्शन तथा राज्य स्तरीय प्रशिक्षित मास्टर प्रशिक्षक बेनी उरांव के निर्देशन में विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। योगाभ्यास के दौरान खड़े होकरए बैठकर तथा लेटकर किए जाने वाले अनेक महत्वपूर्ण आसनों का प्रदर्शन और अभ्यास कराया गया। प्रतिभागियों ने वृक्षासन, त्रिकोणासन, पद्मासन, वज्रासन, भुजंगासन, हलासन, पवन मुक्तासन एवं शवासन सहित कई योग मुद्राओं का अभ्यास किया। इसके साथ ही अनुलोम विलोम, कपालभाति और अन्य प्राणायाम तकनीकों के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने के उपाय भी बताए गए। प्रशिक्षकों ने योग के वैज्ञानिक महत्व एवं दैनिक जीवन में इसकी उपयोगिता पर भी प्रकाश डाला।

## केलो वनांचल तमनार में किया गया योगाभ्यास



**तमनार।** केलो कोयलांचल ओद्योगिक क्षेत्र, आदिवासी बाहुल्य जनपद तमनार में 21 जून को 12 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर मंगलम भवन तमनार, जेपीएल सावित्रीनगर, ओपी जिंदल नलवा तराईमाल, राबो मिलुपारा धौराभांठा सहित ग्राम पंचायतो में योगाभ्यास स्वस्थ आयु के लिए योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित कर योग करने के कई फायदों को बताकर जागरूकता का संदेश दिया गया। योग समिति हरिद्वार एवं प्रशिक्षित योग शिक्षक शिक्षिकाओ द्वारा विभिन्न आसनों और प्राणायाम का अभ्यासए योग की मुद्रा और उसके स्वास्थ्यगत लाभों की जानकारी, योगाभ्यास के अंत में कपाल भाति और अनुलोम विलोम, शीतली, भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास कर शांति पाठ किया गया। योगा कर्मसु कौशल्या अर्थात योग जोड़कर कर्मों की दक्षता और कुशलता को निखरता है योग रोग का ही निवारण नहीं है योग से तन और मस्तिष्क स्वस्थ रहता है और स्वस्थ शरीर में ही देवता का वास होता है इसलिए हरदिन योग करना चाहिए।

## अभिनव स्कूल हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम में विशेष योगाभ्यास

**पुसौर।** अभिनव विद्या मंदिर हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम पुसौर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी 11वां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस उत्साह के साथ मनाया गया। विद्यालय परिसर में रविवार सुबह विशेष योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया जिसमें नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के शताधिक विद्यार्थियों के साथ समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना से हुई। इसके बाद योग शिक्षक अक्षय कुमार सतपथी, जगन्नाथ प्रधान एवं राहुल वैष्णव ने योगाभ्यास कराया। सबसे पहले सूक्ष्म व्यायाम के माध्यम से शरीर को तैयार किया गया। फिर ताड़ासन, वृक्षासन, पादहस्तासन, त्रिकोणासन, भुजंगासन, शलभासन जैसे खड़े बैठकर और लेटकर किए जाने वाले आसनों का अभ्यास कराया गया। हर आसन को करते समय शिक्षकों ने उसकी सही विधि, सावधानी और शारीरिक लाभ की जानकारी भी बच्चों को दी। अंत में अनुलोम विलोम, कपालभाति और भ्रामरी प्राणायाम कराया गया। इस बार के योग सत्र की खास बात म्यूजिक के साथ कराई गई योगिक जॉगिंग रही। हल्के संगीत की धुन पर बच्चों ने जॉगिंग करते हुए विभिन्न योग मुद्राएं बनाईं। इससे बच्चों में खासा उत्साह दिखा और पूरे माहौल में ऊर्जा का संचार हो गया। शिक्षकों ने बताया कि संगीत के साथ योग करने से एकाग्रता बढ़ती है और बच्चे बोरियत महसूस नहीं करते।



## गुरु द्रोण स्कूल में योग दिवस का आयोजन



**रायगढ़।** गुरु द्रोण हायर सेकेंडरी स्कूल हिन्दी अंग्रेजी माध्यम, रायगढ़ में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन उत्साह एवं उमंग के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर विद्यालय के समस्त शिक्षकगण एवं छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर सहभागिता करते हुए सामूहिक योगाभ्यास किया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षा निदेशक डीके साहू एवं प्राचार्य एलएन देवता की उपस्थिति रही। योग दिवस कार्यक्रम के अंतर्गत योग प्रशिक्षिका सुश्री दीप्ति साहू द्वारा विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम तथा स्वस्थ जीवनशैली से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान करते हुए योग प्रशिक्षण दिया गया। अपने उद्बोधन में शिक्षा निदेशक डीके साहू ने कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है तथा नियमित योगाभ्यास से शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक विकास संभव है। उन्होंने सभी को प्रतिदिन योग अपनाने के लिए प्रेरित किया।

## एनटीपीसी लारा में 12 वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर समूह योगाभ्यास



**रायगढ़।** पूरे विश्व के साथ जुड़ते हुए एनटीपीसी लारा परियोजना में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस उत्साह और उल्लास के साथ मनाया गया। योग शिविर का उद्घाटन सुभाष ठाकुर परियोजना प्रमुख एवं श्रीमती रेखा ठाकुरए अध्यक्षा, प्रेरिता महिला समिति द्वारा किया गया। इस वर्ष की योग दिवस की थीम है स्वस्थ आयु के लिए योग। इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए श्री ठाकुर ने बढ़ते उर्म के साथ हम कैसे स्वस्थ रह सकें इस पर इस साल के थीम दर्शाता है। इस अवसर पर अनुभवी योग प्रशिक्षक के तत्वाधान में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं उनके परिवारजनों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन में सभी प्रतिभागियों ने विभिन्न योगासन, प्राणायाम एवं ध्यान का अभ्यास किया।
कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने तथा शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना था। श्रीमती रेखा ठाकुर ने संबोधन में कहा कि योग भारतीय संस्कृति की अमूल्य धरोहर है, जो शरीर, मन और आत्मा के बीच संतुलन स्थापित करता है। नियमित योगाभ्यास तनाव को कम करने, कार्यक्षमता बढ़ाने तथा जीवन में सकारात्मक ऊर्जा लाने में सहायक होता है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन देश और दुनिया में व्यापक स्तर पर किया गया, जिसमें लोगों को योग को दैनिक जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने नियमित रूप से योग करने तथा स्वस्थ एवं संतुलित जीवन जीने का संकल्प लिया। योग दिवस का यह आयोजन स्वास्थ्य, अनुशासन और सामूहिक सहभागिता का प्रेरणादायक उदाहरण बना।



## समलाई माता मंदिर गार्डन में लगाया गया योग शिविर

**बिलाईगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मार्शल आर्ट अकादमी बिलाईगढ़ द्वारा समलाई माता मंदिर गार्डन में भव्य योग शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली विद्यार्थियों एवं अकादमी के खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास किया। योग शिविर के दौरान प्रशिक्षकों ने योग के शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि नियमित योगाभ्यास से शरीर स्वस्थ, मन शांत एवं जीवन संतुलित रहता है। बच्चों को प्रतिदिन योग करने और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिला कबड्डी संघ के प्रमुख पदाधिकारी पंचराम साहू, जिला ताइक्वांडो संघ के अध्यक्ष गोविंद अजय, सचिव शुभम देवांगन, मार्शल आर्ट अकादमी के प्रमुख कोच प्रतीक श्रीवास, कबड्डी प्रमुख कोच रणजीत पंकज तथा व्यायाम शिक्षक राजकुमार जांगड़े विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## आर्य स्कूल में किया गया योग

**पुसौर।** 12वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आर्य विद्यासागर स्कूल पुसौर के परिसर में रविवार को सामूहिक योगाभ्यास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संस्था प्रमुख अनिल यादव, समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राओं ने एक साथ योग और प्राणायाम कर करे योग, रहे निरोग का संदेश दिया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 7 बजे विद्यालय प्रांगण में योग प्रार्थना और ओम् उच्चारण के साथ हुई। इसके बाद विद्यालय के योग शिक्षक ने उपस्थित विद्यार्थियों को योग का महत्व समझाया। उन्होंने बताया कि योग भारतीय संस्कृति की प्राचीनतम विधा है जो शरीर को स्वस्थ और मन को शांत रखती है। संस्था प्रमुख अनिल यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में बच्चों का अधिकांश समय मोबाइल, टीवी और पढ़ाई के दबाव में बीतता है। ऐसे में योग ही एकमात्र माध्यम है जो उन्हें शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बना सकता है। नियमित योग से बच्चों की एकाग्रता, स्मरण शक्ति और आत्मविश्वास बढ़ता है। योग शिक्षक के निर्देशन में सभी ने सूक्ष्म व्यायाम से शुरुआत की। इसके बाद ताड़ासन, वृक्षासन पादहस्तासन, वज्रासन, भुजंगासन, धनुरासन और शवासन का अभ्यास कराया गया। प्राणायाम में अनुलोम विलोम कपालभाति और भ्रामरी का अभ्यास हुआ।

# मछली बेचने वाले के सूने मकान में लाखों की चोरी, मामला दर्ज




**सरसीवां।** ग्राम पंचायत पेंड्रावन में दिनदहाड़े सूने मकान का ताला तोड़कर डेढ़ लाख का जेवर और नगद राशि चोरी होने का मामला प्रकाश में आया है। सरसीवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305/ए और 331/4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

मिली जानकारी अनुसार रूपेश कुमार खरे ग्राम पेंड्रावन निवासी ने बताया कि वह मछली बेचकर अपना जीवन बसर करता है। वह बीते 16 जून को दोपहर करीब 3 बजे मछली बेचने ग्राम सुहागपुर बाजार गया था। वहां से करीब साढ़ 8 बजे अपने घर पेंड्रावन लौटा तो उसके घर के सामने का दरवाजे में लगे ताला नहीं था। घर के अंदर का सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था, आलमारी खुला था और उसके अंदर रखा कपड़ा और सामान अस्त-व्यस्त था। लॉकर खुला हुआ था जिसमें रूपेश ने 6 हजार नगदी रखे थे। बाहर बड़े पेटी की कुंडी का कब्जा निकला हुआ था जिसमें 30 हजार नगदी, दो नग सोने का मंगल सूत्र, दो नग माला मोती का जिसमें चार नग सोने का गेहूं दाना लगा हुआ था। दो नग सोने का लॉकेट लगा था तथा दो नाग सोने का टॉप्स सभी पुरानी इस्तेमाल किया हुआ जेवर था। सभी सोने का जेवर का कुल वजन करीब दो तोला कीमत करीब 2 लख रुपए तथा एक जोड़े चांदी का पायल वजन करीब 22 तोला जुमला कीमत सोना, चांदी सहित नगदी मिला कर 2 लाख से भी अधिक की सामान घर से चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज किया गया है। सरसीवा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305 /ए, ओर 331/4 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर जांच में लिया है।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त